भाजपा महिला मोर्चा की जिला स्तरीय बैठक

छत्तीसगढ़ संवाददाता

नारायणपुर, 22 जून। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा बुधवार को रेस्ट हॉउस नारायणपुर में बैठक की गई। जिसमें बूथ स्तर के हर कार्यकर्ता को बूथ स्तर पर शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और जनता को केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं को अवगत कराने का आव्हान किया।

जिसमें मुख्य अथिति प्रदेश महामंत्री श्रीमती शालिनी राजपूत ने कहा कि पं. दीनदयाल जन्म शताब्दी वर्ष मिशन 2018 भाजयमो के प्रत्येक कार्यकर्ता को मेरा बूथ सबसे मजबूत के दृढ़ संकल्प के साथ बूथ स्तर पर कार्य करना है साथ ही मुख्य मंत्री रमन सिंह के द्वारा पिछले 13 वर्षों में प्रदेश के विकास और समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान योजनाओं का प्रचार-प्रसार बूथ स्तर पर करना है।

बैठक में प्रमुख रूप से महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती संध्या पवार, जिला पंचयात अध्यक्ष श्रीमती प्रमिला उइके, वरिष्ठ भाजपा नेता जागेश्वर ठाकुर , भाजपा जिला महामंत्री सुदीप झा, महिला मोर्चा महामंत्री श्रीमती राजबती दुग्गा, श्रीमती रीता मंडल , श्रीमती सरस्वती गोटा, श्रीमती अनिता कोरेटी, सच्ची देवांगन, श्रीमती रामबती देवांगन, श्रीमती स्वाती देवांगन, श्रीमती केमती समरत, श्रीमती सुखनी नुरेटी, श्रीमती मंगते, श्रीमती पुरवा साहू, श्रीमती वर्षा नाग, श्रीमती सनवारी पोटाई, श्रीमती धनबती ताम्रकर, भगवती ध्रुव, रांची देवांगन आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

खुलेआम चल रहा नकली शहद का धंधा

पुराने गुड़ में पानी मिलाकर बना रहे नकली शहद

छत्तीसगढ़ संवाददाता

नारायणपुर, 22 जून। नारायणपुर ही नहीं पूरे बस्तर में भारी मात्रा में इन दिनों मधुमक्खी की छाता की आड़ में देशी शहद बताकर खुब नकली शहद बाजार में बेचकर ऊंची दाम बटोरी जा रही है।

विगत कई दिनों से जिला मुख्यालय के प्रमुख मार्गों चौक चौराहों पर दीगर जिले से आए कुछ लोगों द्वारा सामने मधुमक्खी की छाता रख व दिखाकर देशी शहद के नाम पर नकली शहद बेचने का गोरख धंधा चलाकर अच्छी रकम बटोरी जा रही है। कई नारायणपुर वासियों ने इस जाल में फ ंस कर नकली शहद अच्छी रकम देकर खरीदा। चंद घंटों में ही जब नकली शहद जमकर नीचे बैठने लगा तब उनके द्वारा इसकी जांच व परख की गई तो पूरा का पूरा शहद ही नकली निकला। नकली शहद का पता चलते ही लोग जब तक बेचने वालों को वापस खोजते वहां पहुंचे तब तक ये नकली शहद बेचने वाले अपना पूरा माल बेचकर शहर से ही रफुचक्कर हो गए।

पूरे मामले में खाद्य संरक्षण अधिकारी भी अनभिज्ञ बने हुए हैं। जब इस संबंध में संवाददाता ने पड़ताल शुरू की व कुछ जानकारों से पूछा गया तो उन्होंने इस नकली शहद के गोरख धंधे से पर्दा उठाते हुए कहा कि मधुमक्खी का छत्ता जब खराब हो जाता है तब ये लोग इसे तोड़कर रख लेते हैं व पुराने गुड़ में पानी मिलाकर इसे शहद बताकर ऊंचे दाम पर बेचते हैं। जानकारों का कहना है कि जहां मधुमक्खी रहती है वह छाता स्वयं ही गिर जाता है। शहद के जानकार व मधुमक्खी के छाता को हटाकर शहद निकालने वाले इस तरह चौक-चौराहे व बाजार में शहद नहीं बेचते।

ज्ञात हो कि जहां खाद्य संरक्षण अधिकारी द्वारा स्थानीय व्यापारियों को खाद्य सामग्रियों की जांच के नाम पर अक्सर परेशान किया जाता है। वहीं दीगर जिलों से नारायणपुर जिला मुख्यालय में आकर खुलेआम नकली को असली शहद बताकर बेचने वालों पर उनके द्वारा क्या कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

सूचना के अधिकार ने नागरिकों को बनाया सशक्त- वासनीकर

संभाग स्तरीय कार्यशाला

छत्तीसगढ़ संवाददाता

जगदलपुर, 22 जून। सूचना के अधिकार पर एक दिवसीय संभाग स्तरीय कार्यशाला का आयोजन जिला कार्यालय के प्रेरणा कक्ष में आयोजित की गई।

संभाग के सातों जिलों के प्रथम अपीलीय अधिकारी एवं बस्तर जिले के जनसूचना अधिकारियों के लिए आयोजित इस कार्यशाला में कमिश्नर दिलीप वासनीकर ने कहा कि सूचना के अधिकार ने नागरिकों को सशक्त बनाया है। उन्होंने कहा कि कार्य में पारदर्शिता लाने के लिए बनाए गए इस अधिनियम ने अधिकारियों को और अधिक जिम्मेदारी से कार्य करने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने सूचना के अधिकार की मंशा को पूरा करने के लिए इस कार्यशाला का गंभीरतापूर्वक लाभ लेने की बात कही।

इस अवसर पर बस्तर कलेक्टर धनंजय देवांगन ने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत आमजन के प्रति सरकार और कर्मचारियों की जवाबदेही सुनिश्चित होती है। उन्होंने कहा कि कामकाज में अधिक से अधिक पारदर्शिता लाकर सूचनाओं को आमजन तक आसानी से पहुंचाना शासन का उद्देश्य है। सभी कर्मचारियों का यह दायित्व है कि वे शासन की मंशा को पूर्ण करने के लिए पारदर्शितापूर्ण कार्रवाई करें।

इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर प्रोफेसर रमेश जोशी ने कहा कि नागरिकों को अधिकार संपन्न बनाने के साथ सरकार की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदारी लाने व भ्रष्टाचार को कम कर लोकतंत्र को सही अर्थों में लोगों के हित में काम करने में सक्षम बनाने के लिए सूचना का अधिकार अधिनियम बनाया गया।

कागजों में पंचायत ओडीएफ, हकीकत में शौचालय बना ही नहीं

संदीप पाल

भैयाथान, 22 जून (छत्तीसगढ़)। सूरजपुर जिले के भैयाथान विकासखण्ड के कई ग्राम पंचायतों को कागजों में ही ओडीएफ घोषित कर दिया गया है, जबकि हकीकत में यहां शौचालय बना ही नहीं है। कुछ बने हैं वह भी पूर्ण नहीं हुआ है। यहां एक शौचालय में 5-6 लोगों को खड़ा कर अलग-अलग फोटो खिंचा गया है और उसी फोटो को स्वच्छ भारत मिशन की बेवसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

इस संबंध में भैयाथान जनपद सीईओ डॉ. नृपेंद्र सिंह का कहना है कि सरकारी साइट पर पंचायतों द्वारा जियो टैक कर फोटो अपलोड किया गया है। उन पंचायतों में प्रेरकों को आदेश दिया गया है कि ग्राम पंचायतों में जिस जगह जियो टैक किया गया है और पूर्ण बताकर फ़ोटो अपलोड किया गया है, उस जगह घर-घर जाके वास्तविक भौतिक सत्यापन कार्य करें। सभी प्रेरकों की इसमें ड्यूटी लगाई गई है। जांच में जो भी पंचायत गलत तरीके से यह कार्य किया होगा उस पर कड़ी



कार्रवाई की जाएगी। मैं खुद जांच करके ही जनपद को ओडीएफ करूंगा।

भैयाथान ब्लॉक मुख्यालय में इन दिनों जनपद के सभी कर्मचारियों व पंचायत के सरपंच-सचिव से लेकर प्रेरकों की ड्यूटी



सिर्फ शौचायल निर्माण पर लगा दिया गया है। किसी भी मद का पैसा हो सब शौचालय निर्माण पर लगाया जा रहा लेकिन शौचालय सिर्फनाम मात्र का बना है। वहीं जियो टैक किसी पंचायत में 100 प्रतिशत तो किसी



पंचायत में 96, 90, 76, 80 प्रतिशत बताकर सरकारी बेवसाइट पर फोटो अपलोड कर दिया गया है। जबकि शौचालय का काम अभी भी आधा अधूरा है।

जनपद पंचायत के अंतर्गत लगभग 65 ग्राम पंचायत आते हैं। इन पंचायतों में कुछ ऐसे पंचायत है जो शौचालय पूर्ण बना ही नहीं है और सरकारी बेवसाइट पर जियो टैक कर फोटो डाल दिया गया है। एक शौचालय का ही अलग-अलग फोटो खिंच कर डाल दिया गया है।

शौचालय निर्माण कार्य में लगे इंजीनियरों से पूछा गया कि शौचालय पूर्ण हो गया है तो उनका कहना था कि एक इंजीनियर के अंडर 5 से 6 पंचायत आते हैं। मेरे अंडर में जो ग्राम पंचायत है उसमें से 4 पंचायतों को कागजों में ओडीएफ कर दिया गया है। जब उनसे यह पूछा गया कि जहां आप बता रहे हैं वहां तो शौचालय पूरा ही नहीं हुआ है और सरकारी साइट पर जियो टैक कर दिया गया तो उनके द्वारा कुछ भी नहीं बोला गया।

अब तक 23563 भैयाथान जनपद में शौचालय का निर्माण कराया जा चुका है। लेकिन कुछ ऐसे भी पंचायत शौचालय पूर्ण अब तक नहीं करा सके हैं और सरकारी बेवसाइट पर जियो टैक कर फ़ोटो अपलोड करके अधिकारियों से वाहवाही लूट रहे हैं।

कुआकोंडा में मना योग दिवस

दंतेवाड़ा, 21 जून। विकासखंड मुख्यालय कुआकोंडा में विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में योग आसनों एवं प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया गया।

कुआकोंडा में गुरुकुल आवासीय बालक विद्यालय-2 में शिविर आयोजित किया गया। इसमें दक्ष योगाचार्य राम कुमार मोहंती ने योग के अनेक आसनों का प्रदर्शन किया। इनमें वक्रासन, भुजंगासन, ताड़ासन, शशकासन आदि प्रमुख थे। वहीं इसके साथ ही विभिन्न प्राणायामों का प्रशिक्षण दिया गया। इनमें अनुलोम, विलोम, कपालभांति, भ्रामरी एवं वज्रासन आदि थे। 1घंटे के सत्र के दौरान सभी ने रोचक तरीके से योगासनों का लाभ उठाया।

इस मौके पर सीईओ जनपद पंचायत, अरूण वर्मा, प्रभारी तहसीलदार श्री बंजारे, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी गिरेंद्र सुधाकर, बीआरसी रामचरण राणा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं छात्रगण सहभागी रहे।

पेज 13 से आगे

डाकिये तलवार रखते थे और हरकारे भाला

जगदलपुर से कोण्डागाँव, केशकाल, कांकेर, धमतरी और रायपुर के लिये डाक रोज सुबह 9 बजे की बस के माध्यम से भेजी जाती थी। ग्रामीण क्षेत्रों में डाक बांटने के लिये ग्राम-डाकिये होते थे जो सप्ताह में एक बार ही अपने निर्धारित क्षेत्र में प्राय: पैदल अथवा साईकिल से जाते थे। वे अपनी तथा डाक की सुरक्षा के लिये ये अपने पास तलवार अनिवार्य रूप से रखते थे।

भोपालपट्टनम, मद्देड, बीजापुर, गीदम, दंतेवाड़ा और कोण्टा में शाखा-डाकघरों की स्थापना की गयी थी। इन स्थानों तक डाक पहुँचाने के लिये हरकारे नियुक्त किये जाते थे। प्रत्येक हरकारा अपने साथ भालानुमा एक अस्त्र ले कर जिसके सिर पर घुंघरू बंधे होते थे, साथ ही उसके सिरे पर डाकथैला लटका कर लगभग दौड़ता हुआ जंगलों के बीच पाँच मील की दूरी तय करता था। इस दूरी के पश्चात उसे नियत स्थान पर अगला हरकारा खड़ा मिलता था। भोपालपट्टनम, कुटरू, कोण्टा जैसे दूरस्थ स्थानों तक डाक पहुँचने में महीनों लग जाते थे एवं बारिश में डाक व्यवस्था बाधित भी होती थी।

कचरों व मिट्टी से भरा पड़ा है नाली गंदा पानी बह रहा सड़क पर

छत्तीसगढ़ संवाददाता

बचेली, 22 जून। नगर पालिका कार्यालय के नीचे, किरंदुल जाने वाली मुख्य मार्ग ढलान रोड़ पर कई वर्ष पूर्व से नाली बनाया गया था, जो वर्तमान में कचरों व

मिट्टी से भर गया है। इसी नाली के उपर कई मकान है। उनके मकानों का गंदा पानी बहकर नाली में आ रहा है, लेकिन नाली कचरों व मिट्टी से पटी होने के कारण गंदा पानी या बारसात का पानी नाली में बहने के बजाय मुख्य मार्ग सड़क पर बह रहा है।

कई बार नगर पालिका इस नाली के सफाई के लिए शिकायत की जा चुकी है, इसके बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। पिछले वर्ष भी बरसात के समय यही स्थिति थी। समाचार पत्रों में इस खबर को प्रकाशित करने क बाद पालिका द्वारा पोकलैंड लगाकर मिट्टी को निकालकर दूर फेंकने के बजाय नाली के साइड में ही रख दिया गया था, जिससे जानवरों के कारण वापस नाली में कचरा व मिट्टी भर गया। कुछ लोगों अपने निजी कार्य के कारण नाली में मिट्टी डालकर वाहनो को घर तक ले जा रहे हैं। जिससे बारिश का पानी निकासी का रास्ता नहीं, सड़कों पर बह रहा है।

इस संबंध में 21 जून को मुख्य नगर पालिका अधिकारी पी.आर. कोर्राम को अवगत कराया गया। इस पर उन्होंने कहा कि सफाई विभाग को तत्काल नाली को साफ करने को कहा गया है। जिन्होंने अपने उपयोग के लिए नाली को बंद कर दिया है, उसे भी नोटिस भेज कर उचित कार्रवाई की जायेगी।

योग से परस्पर सद्भाव का विकास-नाग

दंतेवाड़ा, 22 जून। जिला मुख्यालय के मेढका डोबरा के इंडोर मैदान में तीसरे विश्व योग दिवस का गरिमामय आयोजन किया गया। इस अवसर आमो-खास सभी वर्गों के लोगों ने एक सुर में ओंकारनाद की।

इस दौरान दक्ष योगाचार्यों ने विभिन्न योग आसनों का प्रशिक्षण दिया। इनमें हलासन, त्रिकोणासन, कपदहस्तासन एवं भुजंगासन आदि उल्लेखनीय थे। वहीं इसी तारतम्य में प्राणयामों की भी प्रशिक्षण एवं जानकारी दी गयी। इस अवसर पर अपनें सम्बोधन में अध्यक्ष जिला पंचायत कमला नाग ने योग के माध्यम से समाज कोई सभी वर्गों में सद्भाव विकसित होने की बात कही। कलेक्टर सौरभ कुमार ने योग को नई पीढ़ी की दक्षता बढ़ोत्तरी करने वाला हथियार निरूपित किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

यात्री बस में युवती से सामूहिक अनाचार

अम्बिकापुर, 22 जून। नगर के गौरवपथ में खड़ी एक यात्री बस में युवती के साथ सामूहिक अनाचार की घटना प्रकाश में आई है। कोतवाली पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर लिया है। अनाचार के आरोपियों की तलाश की जा रही है। कोतवाली टीआई नरेश चौहान ने बताया कि प्रतापपुर क्षेत्र के एक युवक का प्रेम संबंध पीड़ित युवती के साथ था। 17 जून को युवक ने फोन करके युवती को बस स्टैण्ड बुलाया था। गौरवपथ में खड़ी एक यात्री बस में उसके अपने दो अन्य साथियों ने साथ युवती से अनाचार किया। युवती ने परिजनों के साथ घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई है।

MUNICIPAL CORPORATION, AMBIKAUR DISTT.SURGUJA (C.G.)

F.No/Bio Meth./AMC/2017-18/960 Ambikapur Dated 19.06.2017

Notice Inviting Request for Proposal

Request for proposal (RFP) for Selection of Agency for setting up 25 TPD Bio-methanation plant (Establishment and comprehensive Operation and Maintenance (O&M) for Ambikapur Municipal Corporation using Wet/ Organic Waste through Public Private Partnership (PPP) has been invited online through CG eprocurement portal https: //eproc.cgstate.gov.in Brief description of the work is as follows:-

System Tender No.	Project cost (Rs. in lakh)	Bid Security (Rs. in lakh)	Document Fees (Rs.)	Pre-Bid Meeting	Bid Due date
1	2	3	4	5	6
19243	490.00	5.00	10000.00	5.7.2017 11.30 AM	19.7.2017

The details of RFP can be seen and downloaded from CG e procurement portal https://eproc.cgstate.gov.in, http://uad.cg.gov.in & http://nagarnigamambikapur.co.in

Commissioner
Municipal Corporation
Ambikapur

कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई

क्र. / जन स्वा.वि./2017/272/65 भिलाई, दिनांक 14.6.17

निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम भिलाई के जन स्वास्थ्य विभाग द्वारी स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत सफाई सामग्री अत्यावश्यक है, कार्य की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए निगम क्षेत्रान्तर्गत आने वाले वार्डों में स्वच्छता सामग्री क्रय की आवश्यकता है इस हेतु ई-रजिस्ट्रेशन में पंजीकृत प्रतिष्ठित निर्मात्री कंपनी, अधिकृत विक्रेता छ.ग. एवं अन्य राज्य के निर्मात्री कंपनी से मुहर बंद निविदा दिनांक 03.07.2017 को सायं 5.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से दो लिफाफा पद्धति (क) एवं (ख) द्वारा ही स्वीकार की जावेगी, धरोहर राशि कार्यपालन अभियंता नगर पालिक निगम भिलाई के नाम से डी.डी./बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से लिफाफा 'क' में प्रस्तुत करना होगा। निविदा दिनांक 04.07.2017 को प्रात: 11.00 बजे खोली जावेगी, निविदा में भाग लेने वाले इच्छुक प्रतिष्ठित निर्माता कंपनी, अधिकृत विक्रेता निगम की वेबसाईट से दिनांक 24.06.2017 को डाउनलोड कर निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते है।

क्र.	कार्य का नाम	निविदा लागत	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	प्रदाय राशि	निविदा फार्म
1	स्वच्छता सामग्री क्रय हेतु	17,56,000.00	17,600.00	750.00 रु.	20 दिन	'सी'

नियम शर्तें:- निविदा में धरोहर राशि के अनुपलब्धता में निविदा नहीं खोली जावेगी। निविदा हेतु आवेदन पत्र प्राप्त करने निर्माता कंपनी का प्रमाण पत्र आई.एस.ओ. प्रमाण पत्र एस.एस.आई. अथवा एम.एस.आई.सी. पंजीयन प्रमाण पत्र समान कार्यों के अनुभव के संबंध में स्थानीय निकाय शासकीय एवं अर्ध शासकीय उपक्रमों से कार्यादेश प्रमाण पत्रों की सत्यापित फोटो प्रति निविदा आवेदन के साथ अनिवार्यत: प्रस्तुत करना होगा। इसके अभाव में निविदा प्रपत्र मान्य नहीं किये जावेंगे, सम्पूर्ण निविदा या किसी अंश को स्वीकार करने अथवा न करने का अधिकार निगम के पास सुरक्षित रहेगा सशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी। सामग्री निगम की मुख्य कोष्ठागार में पहुंचाना होगा। सामग्री का स्पेशीफिकेशन निविदा प्रपत्र एवं अन्य शर्तों की विस्तृत जानकारी नगर निगम भिलाई की वेबसाईट www.bhilainagarnigac.com डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला-दुर्ग

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./ /अ-6/ वर्ष 2016-17

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ब्रजकिशोर पाण्डेय पिता गणेश प्रसाद पाण्डेय निवासी ग्राम भागलपुर, सुल्तानगंज (बिहार) के द्वारा ग्राम जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1222/55 रकबा 1800 व.फी. 0.020 हे. भूमि को विक्रेता श्रीमती बसंती देवी पति स्व. लालसिंग निवासी ग्राम सेक्टर-7, भिलाई तह. व जिला दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 31.3.17 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 27.6.17 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08.06.2017 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 08.06.2017
सुनवाई दिनांक 27.06.2017

तहसीलदार
मुहर दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

मामला क्रमांक / 702 / अ-6/वर्ष 2016 /17

उद्घोषणा-पत्र

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक विकेश कुमार पिता बसंत कुमार मोदी साकिन दुर्ग तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की क्रयशुदा भूमि ग्राम बघेरा प.ह.नं. 07 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 163/62 का टु. रकबा 1250 वर्गफीट हेक्टेयर भूमि को विक्रय पत्र के आधार पर विक्रेता पल्लवी शर्मा पिता/पति सूरज शर्मा के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा व उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 29.06.17 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.06.2017 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

नायब तहसीलदार
मुहर दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

मामला क्रमांक / 701 / अ-6/वर्ष 2016 /17

उद्घोषणा-पत्र

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नाकेश कुमार पिता बसंत कुमार मोदी साकिन दुर्ग तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने भूमिस्वामी हक की क्रयशुदा भूमि ग्राम बघेरा प.ह.नं. 07 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 163/6 का टु. रकबा 0.022 हे. हेक्टेयर भूमि को विक्रय पत्र के आधार पर विक्रेता झुमुक पिता/पति श्री जगन्नाथ के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पेश किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा व उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 29.06.2017 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.06.2017 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

नायब तहसीलदार
मुहर दुर्ग (छ.ग.)

जाम कर दिया सड़क

रायगढ़, 22 जून। आज दोपहर करीब एक बजे लाल टंकी से केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड रोड पर एक ट्रक ने पूरी तरह से ट्रैफिक जाम कर दिया।

ए स ए स ट्रांसपोर्ट नागपुर इस ट्रक पर लिखा हुआ था और जब इस ट्रक के कारण जाम की स्थिति निर्मित हुई तो लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

कुंबले की विदाई यूं शुरू हुई थी

पेज 6 से आगे

कुंबले का कार्यकाल 20 जून को पूरा हो रहा था और उससे करीब एक महीने पहले 31 मई को भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने मुख्य कोच का आवेदन मंगा लिया, जो इस बात की तस्दीक कर रहा था कि अब कुंबले की विदाई तय है। जब वीरेंद्र सहवाग के कद का खिलाड़ी इस होड़ में आ गया तो ये बात भी साफ हो गई कि अनिल कुंबले का विकल्प तलाश लिया गया है।

जिस क्रिकेट सलाहकार समिति को नया कोच चुनना है उसमें शामिल सौरव गांगुली से सहवाग की नजदीकी भी जगजाहिर है। लिहाजा कुंबले ने जो बातें अपने थैंक्यू ट्वीट में कहीं हैं, उसमें केवल एक बात चौंकाने वाली है और वो ये है कि कोहली के साथ असहजता की बात उन्हें बीसीसीआई से पता चली। क्रिकेट और उसको कवर करने वालों की दुनिया जानती है कि कुंबले इतने सीधे और सरल भी नहीं हैं कि उन्हें इन सबका अंदाजा नहीं रहा होगा।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने वेस्टइंडीज दौरे तक उन्हें टीम के साथ रखने की कोशिश करके उन्हें सम्मानजनक विदाई देने का रास्ता जरूरत तैयार कर रही थी, लेकिन चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल की करारी हार के बाद कुंबले ने ही शायद ये मान लिया कि अब बहुत हुआ।

अनिल कुंबले निस्संदेह इससे बेहतर विदाई के हकदार थे, ये बात जोरशोर से कही जा रही है लेकिन ऐसी बात कहने वालों को शायद इसका अंदाजा हो कि कपिल देव को किन परिस्थितियों में कोच पद से जाना पड़ा था या फिर मदन लाल और संदीप पाटील की देखते देखते कैसे विदाई हो गई। अजीत वाडेकर और बिशन सिंह बेदी को भी इसमें शामिल कर लीजिए। मोहिंदर अमरनाथ का चयन समिति से बाहर जाना रहा हो या फिर राहुल द्रविड़ और वीवीएस लक्ष्मण का संन्यास, भारतीय क्रिकेट अपने लीजेंड्स को इसी तरह से बरतता रहा है। (बीबीसी)